समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 26 August 2026

# अमेरिका मे दंर्दनाक सड़क हादसा : मंदिर जाते समय 25 वर्षीय भारतीय छात्रा की मौत, परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

Sanket Morankar | Published on 09 Jul 2026



अमेरिका के न्यूयॉर्क राज्य में एक दर्दनाक सड़क हादसे में **25 वर्षीय भारतीय छात्रा प्रसन्ना अटलूरी** की मौत हो गई। वह अपने दोस्तों के साथ मंदिर जा रही थीं, तभी उनकी कार को पीछे से तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में एक अन्य महिला की भी जान चली गई, जबकि एक यात्री गंभीर रूप से घायल है और अस्पताल में उसका इलाज जारी है।

परिजनों के अनुसार, हादसा **5 जुलाई** को उस समय हुआ जब उनकी कार ट्रैफिक सिग्नल पर रुकी हुई थी। इसी दौरान पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उनकी गाड़ी को जोरदार टक्कर मार दी।

हाल ही में पूरी की थी पढ़ाई

प्रसन्ना अटलूरी आंध्र प्रदेश के **एनटीआर जिले** के मूलापाडु गांव की रहने वाली थीं। उन्होंने हाल ही में अमेरिका की **पेस यूनिवर्सिटी के लुबिन स्कूल ऑफ बिजनेस** से अपनी पढ़ाई पूरी की थी और नौकरी की तलाश कर रही थीं।

उनके पिता किसान हैं, जबकि उनकी मां एक छोटा बैग निर्माण व्यवसाय चलाती हैं। परिवार के अनुसार, प्रसन्ना अपने परिवार का सबसे बड़ा सहारा थीं और आर्थिक रूप से भी सभी की मदद करती थीं।

पार्थिव शरीर भारत लाने के लिए जुटाए जा रहे फंड

प्रसन्ना के चचेरे भाई **रवि कुमार अटलूरी** ने उनके पार्थिव शरीर को भारत लाने और अंतिम संस्कार की व्यवस्था के लिए ऑनलाइन फंडरेजिंग अभियान शुरू किया है।

परिवार के अनुसार, जुटाई जा रही राशि का उपयोग पार्थिव शरीर को भारत लाने, अंतिम संस्कार, परिवार के यात्रा खर्च और प्रसन्ना के शेष छात्र ऋण के भुगतान के लिए किया जाएगा। अभियान के तहत अब तक **40,000 डॉलर से अधिक** की राशि

जुटाई जा चुकी है, जबकि लक्ष्य **75,000 डॉलर** रखा गया है।

प्रशासन से लगाई मदद की गुहार

परिवार ने संबंधित अधिकारियों से आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं जल्द पूरी कराने और प्रसन्ना का पार्थिव शरीर भारत लाने में सहायता की अपील की है, ताकि उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव में किया जा सके।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.